Instructions Bulletin for the operation failure of the Month of Aug & Sept– 2024

No. IB/ETC/GZB/2023--24/15

1. - केस स्टडी -1

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 10.08.2024 | 39265/P-7/HWH | ECR12313 | दिल्ली |
| UOR/फेलियर विवरण | दिनांक : 10.08.2024 को लोको स० 39265/P-7/HWH गाड़ी स० ECR12313 को हुयी समयहानि के सम्बन्ध में। | | |
| लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | दिनांक : 10.08.2024 को लोको स० 39265/P-7/HWH गाड़ी स० ECR12313 का चार्ज लोको पायलट शंटर नयी दिल्ली द्वारा प्लेटफॉर्म 13 पर लिया गया। एवं गाड़ी के इंजन को बंद करके डीजल शंटिंग इंजन को गाड़ी के ऊपर जोड़ा गया लेकिन गाड़ी में BP प्रेशर स्थिर न रहने के कारण इसकी सूचना ऑन ड्यूटी मुख्य लोको निरीक्षक को दी गयी , मुख्य लोको निरीक्षक द्वारा जाँच करने के उपरांत पाया कि लोको को ठीक प्रकार से डेड नहीं किया गया है। जिसके बाद लोको को नियमानुसार डेड करने के उपरांत गाड़ी में BP प्रेशर स्थिर हो गया। एवं गाड़ी का प्लेसमेंट राजधानी काम्प्लेक्स में किया गया। | | |
| TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाहीलोको | TSD के अनुसार की जाने वाली कार्यवाही –<br>**यदि E-70 लोको है तो -**<br>1.कन्ट्रोल इलेक्ट्रोनिक्स को नियमानुसार ऑफ करे।<br>2.डेड लोको मोटिव के दोनों कैब में A-9 हैंडल को न्यूट्रल में रखे।<br>3.डेड लोको मोटिव के दोनों कैब में SA-9 हैंडल को रिलीज अवस्था में रखे।<br>4.डेड लोको मोटिव के AR एवं MR को पूर्णत: खली करे जिसके बाद उनके ड्रेन कॉक बंद करे।<br>5.BC प्रेशर 0 होना देखेंगे। यदि BC रिलीज न हो तो DV के रिलीज स्पिंडल द्वारा लोको ब्रेक रिलीज करे। यदि अब भी BC रिलीज न हो तो BC कट आवर कॉक बंद करे तथा BC प्रेशर रिलीज हो जाने पर पुन: खोल दे।<br>6.डेड लोको में यदि न्यूमेटिक पैनल पर कॉक स० 70 , 74, 136 को बंद करेंगे एवं कॉक स० 47 को खोल देंगे।<br>7.लाइव लोको व् डेड लोको के बीच तथा डेड व् ट्रेन के बीच का BP पाइप आपस में जोड़े तथा ट्रेन व् लोको के बीच तथा लोको साइड के एंगल कॉक खोले , डेड लोको का AR BP द्वारा चार्ज हो जायेगा। डेड लोको का BP गेज में प्रेशर का होना सुनिश्चित करे। प्रेशर ट्रेन के सामान होना चाहिए।<br>8.लाइव लोको में ऑटो ब्रेक अप्लाई करने पर डेड लोको में ब्रेक का लगना व् रिलीज अवस्था में ब्रेक का रिलीज होना सुनिश्चित करे।<br>**यदि नॉर्स ब्रेक CCB-2.0 युक्त न्यूमेटिक पैनल है तो -**<br>1. कन्ट्रोल इलेक्ट्रोनिक्स को नियमानुसार ऑफ करे।<br>2.डेड लोको मोटिव के दोनों कैब में A-9 हैंडल को FS पोजीशन पर लॉक करे।<br>3.डेड लोको मोटिव के दोनों कैब में SA-9 हैंडल को रिलीज अवस्था में रखे।<br>4.डेड लोको की दोनों कैब में मोड स्विच को ट्रेल पोजीशन पर करे।<br>5.डेड लोको मोटिव के AR एवं MR को पूर्णत: खाली करे जिसके बाद उनके ड्रेन कॉक बंद करे।<br>6.BC प्रेशर 0 होना देखेंगे। यदि BC रिलीज न हो तो DV के रिलीज स्पिंडल द्वारा लोको ब्रेक रिलीज करे। यदि अब भी BC रिलीज न हो तो BC कट आउट कॉक बंद करे तथा BC प्रेशर रिलीज हो जाने पर पुन: खोल दे।<br>7.डेड लोको में यदि न्यूमेटिक पैनल पर कॉक स० SIFA (74), 136 को बंद करेंगे एवं कॉक स० 47 को खोल देंगे।<br>9.लाइव लोको व् डेड लोको के बीच तथा डेड व् ट्रेन के बीच का BP पाइप आपस में जोड़े | | |

| | |
|---|---|
| | तथा ट्रेन व् लोको के बीच तथा लोको साइड के एंगल कॉक खोले , डेड लोको का AR BP द्वारा चार्ज हो जायेगा । डेड लोको का BP गेज में प्रेशर का होना सुनिश्चित करे । प्रेशर ट्रेन के सामान होना चाहिए ।<br>10. लाइव लोको में ऑटो ब्रेक अप्लाई करने पर डेड लोको में ब्रेक का लगना व् रिलीज अवस्था में ब्रेक का रिलीज होना सुनिश्चित करे । |
| गलत कार्य - | **लोको पायलट शंटर को लोको मोटिव को उपरोक्त बताये गए तरीके से लोको को डेड करना चाहिए था ।** |

2. - केस स्टडी -2

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 24.08.2024 | 22885/WAP-4/TKD | 14738 | दिल्ली |
| UOR/फेलियर विवरण | दिनांक 24.08.2024 को लोको संख्या 22885/WAP-4/TKD गाड़ी स०14738 को हुयी समय हानि के सम्बन्ध में । | | |
| लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | दिनांक 24.08.2024 को लोको संख्या 22885/WAP-4/TKD गाड़ी स०14738 को NZM स्टेशन पर पहुँचने के बाद TXR staff के MV-5 मांगने पर पता चला की लोको में MV-5 उपलब्ध नहीं है । ( जिसका कारण TKD के यार्ड मास्टर द्वारा गाड़ी की MV-5 लोको पायलट को उपलब्ध न कराना था) लोको पायलट द्वारा तुरंत TKD यार्ड मास्टर को सम्पर्क किया गया । एवं Whatts App द्वारा MV-5 प्राप्त किया लेकिन इस दौरान NZM स्टेशन द्वारा प्रस्थान सिगनल को ऑन स्थिति में कर दिया गया जिसके कारण गाड़ी को 14 मिनट की समय हानि हुई । | | |
| TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही | ➢ गाड़ी के TKD यार्ड से प्रस्थान से पूर्व TKD यार्ड मास्टर की जिम्मेदारी थी की MV-5 को गाड़ी के इंजन पर भेज दे एवं लोको पायलट की जिम्मेदारी थी की गाड़ी के प्रस्थान से पूर्व MV-5 के इंजन पर उपलब्ध होने की जाँच करके तसल्ली करनी चाहिए थी । | | |
| गलत कार्य - | **लोकों पायलट एवं TKD यार्ड मास्टर का यह कार्य दोनों की संरक्षा के प्रति लापरवाही को दर्शाता है ।** | | |

3. - केस स्टडी -3

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 28.08.2024 | 33402/LDH | 14864 | लखनऊ |
| UOR/फेलियर विवरण | दिनांक 28.08.2024 को गाड़ी संख्या 14864 लोको संख्या 33402/LDH को हुई समयहानि के सम्बन्ध में । | | |
| लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | दिनांक 28.08.2024 को गाड़ी संख्या 14864 लोको संख्या 33402/LDH ने जैसे ही BSB यार्ड में प्रवेश किया तभी अचानक एक बाहरी व्यक्ति द्वारा खतरे का सिगनल लोको पायलट को दिखाया गया । चालक दल ने सतर्कता पूर्वक उचित दूरी पर गाड़ी को रोक दिया । कारण पता करने पर पता चला की आगे रेल टूटी हुयी है । लोको पायलट ने इसकी सूचना तुरंत TC/LKO, TM एवं पॉवर केबिन को दी , PWI के आने एवं ट्रैक को सेफ टू रन देने के उपरान्त गाड़ी का प्रस्थान 47 मिनट विलम्ब से हुआ । | | |
| TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / | ------ | | |

| | |
|---|---|
| लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही | |
| गलत कार्य - इंजीनियरिंग विभाग | मेटेरियल विफलता , इंजीनियरिंग विभाग की लापरवाही के कारण उपरोक्त गाड़ी को अनावश्यक समयहानि हुयी। |

## Sept – 2024

1. - केस स्टडी -1

| दिनांक | लोको न० / शेड | गाड़ी न० | मंडल |
|---|---|---|---|
| 13.09.2024 | 35030+35029/GZB | 15558 | दिल्ली |
| UOR/फेलियर विवरण | दिनांक 13.09.2024 को गाड़ी संख्या 15558 लोको संख्या 35030+35029/GZB को हुई समयहानि के सम्बन्ध में। | | |
| लोको पायलट द्वारा की गई कार्यवाही / ट्रबल शूटिंग | गाड़ी सं 15558 में पुश पुल लोको सं 35030(मास्टर)+35029 (स्लेव)/GZB के रूप में प्लान किया था लेकिन आनन्द विहार स्टेशन पर गाड़ी चलने से पहले स्लेव लोको 35029/GZB /GZB संचार विफलता के कारण डेड करना पडा वाचर के रूप में कार्यरत सहायक लोको पायलट/कानपुर ने देखा कि स्लेव लोको के पार्किंग ब्रेक गेज में प्रेशर '0' दिखा रहा हैं (लेकिन ब्रेक लगे होने की पुष्टि सहायक लोको पायलट ने नीचे उतरकर नही की) जिसकी सूचना सहायक लोको पायलट ने मास्टर लोको (35030/GZB) में उपस्थित एस्कॉर्ट स्टाफ को दी लेकिन एस्कॉर्ट स्टाफ ने उत्तर दिया कि स्लेव लोको को नियमानुसार डेड किया गया है अत: ऐसी सम्भावना न के बराबर है परिणाम स्वरूप गाड़ी के प्रस्थान के उपरान्त स्लेव लोको (डेड) के अंडरफ्रेम (पार्किंग ब्रेक लगे होने के कारण) से धुँआ निकल गया जिसकी सूचना सहायक लोको पायलट ने मास्टर लोको के चालक दल दी परिणाम स्वरूप गाड़ी साहिबाबाद स्टेशन पर रोककर पार्किंग ब्रेक को मेन्यूअल रिलीज किया गया (पार्किंग ब्रेक सिलिंडर पर लगे स्पिंडल की मदद से) | | |
| TSD के अनुसार ट्रबल शूटिंग / लोको पायलट द्वारा की जाने वाली कार्यवाही | 1. लोको सुरक्षित खड़ा करें ,VCB-खोलें, पैंटो झुकाएं, CE नियमानुसार ऑफ करें व BL की निकाले।<br>2. PAN-1/ PAN-2 कॉक से पेंटो आइसोलेट करें।<br>3. MCB -112.1 (IN SB-2) ट्रिप करें।<br>4. डेड लोको को लाइव लोको के साथ जोड़े।<br>5. दोनों कैब में A-9 न्यूट्रल पोजीशन में निकालें।<br>6. दोनों कैब के SA-9 रिलीज़ पर रखें।<br>7. सभी MR व AR को ड्रेन करके उनके कॉक बंद करें।<br>8. लोको ब्रेक सिलिंडर प्रेशर '0' देखें ,<br>9. न्यूमेटिक पेनल पर कॉक -70, कॉक 74 तथा कॉक 136 बंद करेंगे व कॉक – 47 खोलेंगे<br>10. गाड़ी तथा डेड लोको के बीच के BP एंगल कॉक खोल देंगे।<br>11. S-30 के रिलीज स्पिंडल (22) से पार्किंग ब्रेक रिलीज करें।<br>12. मास्टर लोको का A-9 अप्लाई पर करके स्लेव लोको में लोको ब्रेक लगना व रिलीज करने पर लोको ब्रेक रिलीज होना देखेंगे।<br>13. 500 Meter चलने के बाद डेड लोको के चक्कों के ब्रेक (लोको ब्रेक) व पार्किंग ब्रेक के रिलीज होने की जॉच करेंगे। | | |
| गलत/सही कार्य - | लोको को नियमानुसार डेड न करने और पार्किंग ब्रेक लगे होने के कारण गाड़ी का अतिरिक्त विलम्बन साहिबाबाद स्टेशन पर हुआ जिसको एस्कॉर्ट स्टाफ एवं सहायक लोको पायलट/कानपुर कि सतर्कता से टाला जा सकता था | | |
| जिम्मेदारी | सहायक लोको पायलट/कानपुर | | |

(श्री वीरेन्द्र कुमार)
मुख्य लोको निरीक्षक
वि.प्र.के./गा.बाद

(सरताश कुमार)
**(प्रधानाचार्य/वि.प्र.के./गा.बाद.)**

पत्र स० **232-विद्युत/वि.प्र.के./ट्रेनिंग-1** **दिनांक –**

प्रतिलिपि :-

1. मुख्य विद्युत लोको अभियंता/उत्तर रेलवे, बडौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ।
2. मुख्य विद्युत अभियंता/मोबिलिटी, उत्तर रेलवे, बडौदा हाऊस, नई दिल्ली- सादर सूचनार्थ।
3. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/परिचालन/नई दिल्ली, लखनऊ - सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू।
4. वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/कर्षण वितरण/मुरादाबाद, फिरोजपुर, अंबाला- सादर सूचनार्थ व आवश्यक कार्यवाही हेतू।